web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Social Justice Union


**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, गुरुवार 07 फरवरी 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-129

## अब 300 करोड़ के जमीन घोटाले में भगोड़े हीरा कारोबारी चोकसी का आया नाम



मुंबई (आरएनएस)। देश के सबसे बड़े बैंकिंग घोटाले को अंजाम देकर एंटीगा में बैठे हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी का नाम अब एक संदिग्ध लैंड डील में सामने आया है। यह डील वर्ष 2008 में पनवेल में जेम्स ऐंड ज्वैलरी विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) स्थापित करने को लेकर हुई थी। यह परियोजना कभी धरातल पर नहीं उतरी। इस डील से जुड़े दस्तावेजों से पता चलता है कि चोकसी ने इस जमीन को खुद और अपने कुछ सहयोगियों के नाम से खरीदा था। एसईजेड के नियमों के मुताबिक किसी भी जमीन को कंपनी के नाम पर खरीदना जरूरी होता है और चोकसी ने इस नियम का उल्लंघन किया। चोकसी और उसके साथियों के नाम पर 25 एकड़ जमीन है जिसकी वर्तमान समय में कीमत करीब 300 करोड़ रुपए है। बताया जा रहा है कि चोकसी की कंपनी गीतांजलि जेम्स लिमिटेड ने उस समय पनवेल में एसईजेड स्थापित करने को लेकर ग्रीन जोन में आने वाली इस जमीन को खरीदा था। पनवेल के तहसीलदार अब इस मामले की जांच कर रहे हैं। जमीन के दस्तावेजों के मुताबिक गीतांजलि जेम्स ने चिरवट और सांगुरली गांव में 25 एकड़ जमीन पर एसईजेड बनाने के लिए तत्कालीन विकास आयुक्त के समक्ष आवेदन किया था। ये दोनों गांव उस समय ग्रीन जोन में आते थे। यह आदेश कई शर्तों के साथ दिया गया था। 4 मई 2017 को तत्कालीन विकास आयुक्त विकास जैन ने यह कहकर खरीद के आदेश को निरस्त कर दिया कि केंद्र सरकार ने एसईजेड को स्वीकृत करने का आदेश वापस ले लिया है।

बता दें कि बैंक घोटालों का आरोपी चोकसी अभी भी एंटीगुआ में रह रहा है। चोकसी 14 हजार करोड़ रुपये के पंजाब नैशनल बैंक घोटाले के मुख्य आरोपितों में से एक है। पिछले साल घोटाले में नाम सामने आने से पहले ही वह देश छोड़कर भाग गया था।

## सीबीआई विवाद पर ट्वीट कर फंसे प्रशांत भूषण
### सुप्रीम कोर्ट का अवमानना नोटिस



नई दिल्ली (आरएनएस)। बीते दिनों सीबीआई बनाम सीबीआई मामले पर टिप्पणी कर सुप्रीम कोर्ट के सीनियर वकील प्रशांत भूषण फंसते नजर आ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने प्रशांत भूषण को अवमानना मामले में नोटिस जारी किया है। अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल और केंद्र सरकार ने अपनी याचिका में प्रशांत भूषण पर आरोप लगाया था कि उन्होंने अपने ट्वीट में कहा था कि अटॉर्नी जनरल वेणुगोपाल ने जानबूझकर कोर्ट में पेंडिंग केस के बारे में गलत जानकारी दी। इस मामले की अगली सुनवाई 7 मार्च को होगी।

एक तरफ जहां अटॉर्नी जेनरल वेणुगोपाल इस मामले में प्रशांत भूषण के खिलाफ सजा नहीं चाहते हैं, वहीं केंद्र सरकार ने कोर्ट की अवमानना के लिए प्रशांत भूषण के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एजी ने कोर्ट से कहा, मैं प्रशांत भूषण के आरोपों से आहत हूं। मैं प्रशांत भूषण के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं चाहता।

## वीएचपी ने लोकसभा चुनाव तक राम मंदिर निर्माण अभियान रोका

नई दिल्ली (आरएनएस)। विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने मंगलवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए उसका अभियान आम चुनावों के संपन्न होने तक रोक दिया गया है क्योंकि वह नहीं चाहता कि यह कोई चुनावी मुद्दा बने। प्रयागराज में वीएचपी द्वारा आयोजित धर्मसभा के कुछ दिनों बाद संगठन ने यह घोषणा की है।

गौरतलब है कि धर्मसभा में यह प्रस्ताव स्वीकार किया गया था कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण तक हिंदू चैन से नहीं बैठेंगे और न ही दूसरों को चैन से बैठने देंगे। राम जन्मभूमि आंदोलन का नेतृत्व करता रहा वीएचपी पिछले कई महीनों से देशभर में अभियान चलाकर मांग कर रहा है कि अयोध्या में विवादित स्थल पर राम मंदिर निर्माण के लिए संसद से एक कानून पारित हो।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ई-सिगरेट पीना युवक को पड़ा महंगा, मुंह में धमाका होने से हुई मौत

टेक्सास (आरएनएस)। अमेरिका के टेक्सास में ई-सिगरेट पीने के कारण एक 24 वर्षीय विलयम ब्राउन की मौत हो गई। दरअसल, विलयम की मौत ई-सिगरेट में हुए धमाके के कारण हुई। धमाका एक स्टोर के पार्किंग में हुआ था, जो धूम्रपान और वेप पैन की बिक्री करता है। स्टोर के मैनेजर ने बताया कि धमाके के बाद उसने एंबुलेंस बुलवाई और विलियम ब्राउन को अस्पताल पहुंचाया।

### ब्राजील बांध हादसे में मरने वालों की संख्या 142 हुई

रियो द जेनरो (आरएनएस)। ब्राजील के दक्षिण पूर्वी राज्य मिनास गेराइस में बांध हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 142 हो गई है और इस हादसे में 194 लोग अभी भी लापता है। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है।

### एक जुलाई 2017 से 7वें वेतनमान का भत्ता मिलेगा
**सातवां वेतन आयोग**

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय विश्वविद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए सातवें वेतनमान के अनुरूप सभी भत्ते एक जुलाई 2017 की तारीख से लागू होंगे। बीते सप्ताह जारी आदेश में इसे तत्काल प्रभाव से लागू करने की बात कही गई थी। मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने इससे संबंधित संशोधित आदेश जारी कर दिए हैं। सरकार के इस फैसले से केंद्रीय विश्वविद्यालयों के 30 हजार तथा मानद विश्वविद्यालयों के 5500 शिक्षकों एवं कर्मचारियों को 19 महीनों के भत्ते का अंतर एरियर के तौर पर मिलेगा।

### सुप्रीम कोर्ट की केंद्र सरकार को फटकार
**असम में राष्ट्रीय नागरिक पंजीकरण मामला**

नई दिल्ली (आरएनएस)। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को असम में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) की प्रक्रिया को लेकर केंद्र पर बरसते हुए कहा ऐसा प्रतीत होता है कि वह इस प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ने देने पर तुला हुआ है।

### 9000 बस, 150 से अधिक ट्रेन और सैकड़ों शटल भी पड़े कम
**मौनी अमावस्या का मेला**

प्रयागराज (आरएनएस)। यूपी के प्रयागराज कुंभ मेले के दूसरे शाही स्नान के दिन सोमवार को पूरा शहर श्रद्धालुओं की भीड़ से पटा रहा। आम दिनों में शहर की जिन सड़कों पर वाहन रफ्तार में चलते दिखते थे, वहां पुलिस के तमाम वाहन भी जाम की चपेट में फंसे दिखे। प्रयागराज में श्रद्धालुओं की यह भीड़ मंगलवार सुबह तक शहर के अलग अलग बस अड्डों और रेलवे स्टेशन पर खड़ी दिखी।

### तीसरे दिन ममता बनर्जी का धरना खत्म
**बोलीं- इस्तीफा देकर गुजरात लौटें पीएम**

कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल में चिटफंड घोटाले को लेकर सीबीआई और कोलकाता पुलिस के बीच पैदा हुई उठापटक के तीसरे दिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपना धरना खत्म कर दिया है। इसी के साथ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी दिल्ली से इस्तीफा देकर गुजरात वापस लौट जाएं। दिल्ली में एक आदमी की सरकार है, एक पार्टी की सरकार चल रही है।

### दिल्ली में 24 घंटे में स्वाइन फ्लू के 40 नए मरीज आए, 895 तक पहुंची संख्या

नई दिल्ली (आरएनएस)। सरकार की लाख कोशिशों व दावे के बावजूद देश की राजधानी दिल्ली में स्वाइन फ्लू पैर पसारता जा रहा है। अब तक दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों में 895 रोगी भर्ती हो चुके हैं। वहीं सफदरजंग, एम्स और आरएमएल अस्पताल में 15 लोग इस बीमारी के कारण दम तोड़ चुके हैं।

## यूपी विधानसभा में हंगामा, सत्र में प्रदर्शन के दौरान सपा विधायक बेहोश



लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी के विधायकों जमकर हंगामा किया। विधायकों ने राज्यपाल के ऊपर कागज के गोले फेंके। विधानसभा सत्र में प्रदर्शन के दौरान गाजीपुर से सपा विधायक सुभाष पासी बेहोश हो गए जिन्हें फौरन उपचार दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन में सपा-बसपा के इस कृत्य की निंदा की है। पश्चिम बंगाल रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन को संबोधित किया। कांग्रेस के सामने मुश्किल होगी कि भाजपा केविरोध में सपा- बसपा का साथ देने के साथ अपना अलग वजूद भी बचाकर रखना, ताकि वह सीधे तौर पर गठबंधन का हिस्सा बनकर न रह जाए। विधानमंडल दल नेता अजय कुमार लल्लू ने कहाकि सरकार की विफलताओं को सदन के भीतर और बाहर उजागर किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के विधायकों ने राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान उनका जिस तरह का अपमान किया है। हम उसकी निंदा करते हैं। राज्यपाल राम नाईक अपना अभिभाषण पढ़ रहे थे और माननीय लोग अभद्रता की सीमा लांघ रहे थे। इनका यह कृत्य घोर निंदनीय है। किसी भी सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक में सदन को अच्छे ढंग से चलाने पर बात होती है, लेकिन जब सत्र चलता है तो बेकार की चीजों में समय बर्बाद किया जाता है। समाजवादी पार्टी अपनी गुंडागर्दी के आचरण से बाहर नहीं आ पा रही है।

## राज्यसभा में फिर हंगामा, बैठक दोपहर दो बजे तक स्थगित



नयी दिल्ली (आरएनएस)। अलग अलग मुद्दों पर कांग्रेस सहित विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण राज्यसभा की बैठक बुधवार को शुरू होने के कुछ ही देर बाद दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे की वजह से उच्च सदन में आज भी शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो पाया। सुबह 11 बजे बैठक शुरू होने पर सभापति एम वेंकैया नायडू ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। उन्होंने सदन को सूचित किया कि उन्हें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए सपा के रामगोपाल यादव, राजद के मनोज झा, कांग्रेस के रिपुन बोरा सहित पांच सदस्यों के नोटिस मिले हैं।

## सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई



नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट आज उन 48 याचिकाओं पर सुनवाई करेगा, जिनमें केरल के सबरीमाला मंदिर में सभी आयुवर्ग की महिलाओं के प्रवेश की अनुमति वाले उसके 28 सितंबर के फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की गई है। तत्कालीन सीजेआई दीपक मिश्रा की अध्यक्षता वाली 5 जजों की पीठ ने 28 सितंबर को 4-1 के अपने फैसले में सबरीमाला मंदिर में सभी आयुवर्ग की महिलाओं के प्रवेश का रास्ता साफ करते हुए कहा था कि यह पाबंदी लैंगिक भेदभाव के समान है। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई, जस्टिस आर. एफ. नरीमन, जस्टिस ए. एम. खानविलकर, जस्टिस डी. वाई. चंद्रचूड़ और जस्टिस इंदु मल्होत्रा की बेंच सबरीमाला संबंधी फैसले पर पुनर्विचार की मांग वाली 48 याचिकाओं पर विचार करेगी।

## एआईसीसी और पीसीसी के साथ राहुल ने शुरू की तैयारी
**नेताओं को देंगे टिप्स**



नई दिल्ली (आरएनएस)। गुजरात, गोवा और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में चुनाव संबंधी पार्टी की समीतियां बनाने के साथ ही कांग्रेस नेतृत्व ने ऑल इंडिया कांग्रेस कमिटी (एआईसीसी) के साथ चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के नेता इस बात को ध्यान में रखकर दिन-रात काम में लगे हैं कि चुनाव आयोग मार्च के पहले हफ्ते में आने वाले लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है। एआईसीसी ने सभी प्रदेश कांग्रेस कमिटियों को निर्देश दिया है कि वे पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ने वाले संभावित उम्मीदवारों की लिस्ट फरवरी के तीसरे हफ्ते तक तैयार कर लें और जमीन पर लोगों को चुनाव ऐलान से पहले पार्टी के पक्ष में तैयार करें। इसी दौरान मोहन कुमारमंगलम जूनियर को तमिलनाडु प्रदेश कांग्रेस कमिटी का वर्किंग प्रेजिडेंट बनाया गया है।

एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया, गुरुवार को पार्टी के महासचिवों के साथ कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी बैठक कर चुनाव तैयारियों के बारे में टिप्स देंगे।

## दिल्ली-एनसीआर में सुबह-सुबह तेज बारिश, छाया अंधेरा



नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली-एनसीआर के लोगों की सबह की शुरुआत बारिश के साथ हुई। कई इलाकों में सुबह होने के साथ ही अंधेरा छा गया और अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। पिछले कुछ दिनों से बढ़ रहे प्रदूषण से दिल्लीवालों को थोड़ी राहत मिलेगी और अब मिलेगी साफ हवा।

## स्पेशल सेल की चार्जशीट पर फिर टली सुनवाई

नई दिल्ली। जेएनयू नारेबाजी मामले में पुलिस द्वारा फाइल चार्जशीट पर सुनवाई के दौरान पटियाला हाउस कोर्ट ने पुलिस को सरकार से चार्जशीट पर जल्द अनुमति लेने को कहा है। स्पेशल सेल की चार्जशीट को मंजूर करने में देरी पर कोर्ट ने दिल्ली सरकार को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अथॉरिटी अनिश्चितकाल तक इसे नहीं रोक सकती है। मामले की अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी।

सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया कि अभी तक चार्जशीट पर दिल्ली सरकार की मंजूरी उनको नहीं मिली है और इसपर शीघ्र मंजूरी मिलने की उम्मीद है। कोर्ट ने पुलिस को कहा कि वह संबंधित अधिकारियों से चार्जशीट को जल्द मंजूरी देने के लिए आग्रह करें। गौरतलब है कि स्पेशल सेल ने चार्जशीट में जेएनयू के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष कन्हैया कुमार समेत कई आरोपियों के खिलाफ देशद्रोह की धारा-124ए लगाई है। इस धारा में कोर्ट सीआरपीसी की धारा-196 के तहत तभी संज्ञान ले सकता है जब दिल्ली सरकार की अनुमति मिलेगी। अगर दिल्ली सरकार ने समय से अनुमति नहीं दी तो कोर्ट देशद्रोह की धारा-124ए पर संज्ञान नहीं लेगा और ये धारा स्वतः ही खत्म हो जाएगी।

## दो लड़कों ने आपस में रचाई शादी



मुंबई (आरएनएस)। लगभग पांच महीने पहले सुप्रीम कोर्ट ने आईपीसी की धारा 377 के तहत समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी के बाहर कर दिया था। इस फैसले के बाद मुंबई में पहली गे मैरेज पार्टी आयोजित हुई है। यह शादी रेनबो वॉइस मुंबई के फाउंडर विनोद फिलिप (43) और फ्रांस के उनके दोस्त विन्सेंट (47) की थी। दोनों ने विवाह के बाद मुंबई के एक होटल में रिसेप्शन पार्टी आयोजित की थी।

दोनों की शादी के इस रिसेप्शन में न केवल उनके मेहमान और परिवार वाले शामिल हुए बल्कि होटल वाले भी उनकी इस खुशी का हिस्सा बने। दोनों ने किसी आशंका के डर से होटलवालों को आखिरी मिनट तक अंधेरे में रखा था कि यह एक ही सेक्स वालों की शादी की पार्टी है। हालांकि जब होटल मैनेजमेंट को इसकी जानकारी हुई तो उन्हें भी खुशी हुई।

उन लोगों ने इस जोड़े के साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया और इस शादी को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

**बेकरी वाले भी हुए शामिल**

दादर की एक बेकरी में भी जब इस कपल ने संपर्क किया तो उन्होंने भी उनके साथ कोई पूर्वाग्रह नहीं दिखाया। बेकरी की मालिक नेहा बंदिवाडेकर ने इसे उत्सव का हिस्सा बनने के सम्मान के रूप में देखा। उन्होंने कहा, शादी का समारोह प्रेम का उत्सव है। हम इसे सेक्स से जोड़कर नहीं देख सकते।

## पटना मेट्रो रेल का शिलान्यास अगले महीने कर सकते हैं प्रधानमंत्री



पटना (आरएनएस)। बिहार की राजधानी के लोगों का मेट्रो रेल का सपना जल्द ही पूरा हो सकता है। बिहार के नगर विकास मंत्री सुरेश शर्मा ने मंगलवार को इसके संकेत देते हुए कहा कि अगले महीने पटना में आयोजित होने वाली रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पटना मेट्रो रेल सेवा का शिलान्यास कर सकते हैं। शर्मा ने कहा कि पटना मेट्रो रेल की कवायद पिछले कई महीनों से चल रही है। इसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को केंद्र सरकार की मंजूरी भी मिल चुकी है।

उन्होंने कहा, 3 मार्च को गांधी मैदान में होनेवाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की रैली में प्रधानमंत्री मोदी विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे तथा जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दिन पटना मेट्रो रेल का भी शिलान्यास हो सकता है।

डीपीआर के मुताबिक, पटना मेट्रो के अंतर्गत दो कॉरिडोर बनाया जाएगा। पहला कॉरिडोर 16 94 किलोमीटर का होगा तो दूसरा कॉरिडोर 14 45 किलोमीटर का होगा।

## ट्रंप फरवरी के अंत में किम से मिलेंगे

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह 27 और 28 फरवरी को वियतनाम में होने वाले दो दिवसीय शिखर सम्मेलन के दौरान उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन से मुलाकात करेंगे। सीएनएन के अनुसार श्री ट्रंप संसद को संबोधित करने के दौरान किम जोंग उन के साथ दूसरे शिखर सम्मेलन के विवरण की औपचारिक रूप से घोषणा कर सकते हैं। व्हाइट हाउस ने उत्तर कोरिया के प्रमुख वार्ताकार किम योंग चोल के साथ चर्चा के बाद 18 जनवरी को दोनों नेताओं के बीच दूसरी बैठक की घोषणा की थी।

## अमेरिकी सरकार ने फर्जी विवि स्थापित कर भारतीय छात्रों को गुमराह किया : वकील

वाशिंगटन (आरएनएस)। प्रतिष्ठित भारतीय अमेरिकी वकील ने आरोप लगाया है कि आंतरिक सुरक्षा विभाग ने जानबूझकर ''फर्जी विश्वविद्यालय'' स्थापित करने की अनुमति दी और दूसरे देशों में हजारों मील दूर बैठे छात्रों को गुमराह किया। उनके पास घबराए छात्रों और उनके परिवार के लगातार फोन आ रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने फर्जी विश्वविद्यालय में दाखिला लेने वाले छात्रों की व्यापक गिरफ्तारी और उनके संभावित प्रत्यर्पण के लिए भारतीय छात्रों को जिम्मेदार ठहराया है।